सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 09
02/01/2026

# मुख्यमंत्री ने जदयू कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल का किया निरीक्षण, पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

पटना 02 जनवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज वीरचंद पटेल पथ स्थित जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश कार्यालय पहुँचकर कार्यालय परिसर में बने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार के विभिन्न जिला मुख्यालयों से जुड़े पार्टी के विधायकों, जिलाध्यक्षों, विधानसभा प्रभारी, प्रखण्ड अध्यक्षों से रूबरू हुए। नववर्ष के अवसर पर जिला मुख्यालयों से जुड़े नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने हाथ जोड़कर मुख्यमंत्री का अभिवादन किया तथा उन्हें नववर्ष की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने भी सभी का अभिवादन स्वीकार किया तथा उन्हें नए साल की शुभकामनायें दी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने जदयू कार्यालय परिसर का भी जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने जदयू कार्यालय परिसर में उपस्थित पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। मुलाक़ात के क्रम में सभी ने मुख्यमंत्री को नववर्ष की हार्दिक बधाई दी। नए साल में पहली बार मुख्यमंत्री के पार्टी कार्यालय पहुँचने पर नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह दिखा।

मुलाकात के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी का नए साल में स्वागत है। मैं आप सभी को नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनायें देता हूँ।

निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद श्री ललन सर्राफ, पूर्व मंत्री श्रीमती रंजू गीता सहित बड़ी संख्या में जदयू नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

******